पंजाब केसरी 09/11/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में जोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

- **5 जिलों की 25 टीमों में 75 विद्यार्थियों ने भाग लेकर दिखाई प्रतिभा**

विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि एवं अन्य। (देवदत्त)

अम्बाला, 8 नवम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी में शुक्रवार को हरियाणा स्टेट काऊंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टैक्नोलॉजी द्वारा जोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

यह प्रतियोगिता कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवं कार्यक्रम के संयोजक डा. कुलदीप यादव के दिशा-निर्देशन में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम में गवर्नमैंट कॉलेज, भिवानी से आए प्रो. रवि कांत ने क्विज मास्टर की अहम भूमिका बखूबी निभाई। हरियाणा स्टेट काऊंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टैक्नोलॉजी के जाने माने वैज्ञानिक डा. राहुल तनेजा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने मंच से मुख्यातिथि एवं क्विज मास्टर का स्वागत किया और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्रों के विश्लेषणात्मक, रचनात्मक, समस्या-समाधान, संचार और आत्मविश्वास-निर्माण जैसे कौशल विकसित होते हैं। प्रश्नोत्तरी में भाग लेने से छात्रों को कम उम्र से ही नवाचार की आदत अपनाने की आदत पड़ती है।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यातिथि डा. राहुल तनेजा ने कहा कि साइंस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़ी जानकारी हासिल करने का एक बेहतरीन तरीका है। साथ ही इससे विज्ञान की मूल अवधारणाओं को समझने में मदद मिलती है।

कार्यक्रम के संयोजक डा. कुलदीप यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य के 5 जिलों कुरुक्षेत्र, कैथल, अम्बाला, पंचकूला एवं यमुनानगर की कुल 25 टीमों में 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सबसे पहले स्क्रीनिंग टैस्ट के माध्यम से 8 सर्वश्रेष्ठ टीमों का चयन किया गया, जिन्होंने आगे चलकर कुल 8 राऊंड्स में अपनी प्रतिभा एवं ज्ञान का परिचय दिया।

डा. कुलदीप यादव ने आगे बताते हुए कहा कि आज की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर विजेता टीमों को क्रमशः 40 हजार, 30 हजार एवं 20 हजार रुपए की धनराशि से नवाजा गया और साथ ही आगे चल कर इन टीमों को राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने का सुनहरा अवसर भी प्राप्त हुआ है।

कॉलेज के गणित विभाग के डा. राजेश सैनी ने मंच का सफल संचालन किया। डा. एस.के. पांडे, डा. नियति, डा. सुजाता एवं डा. नेहा ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन में अपना अहम योगदान दिया।

अंत में मुख्यातिथि एवं क्विज मास्टर को कार्यक्रम में आने और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन करने के लिए स्मृतिचिह्न देकर धन्यवाद व्यक्त किया गया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कैथल जिले के आर.के.एस.डी. कॉलेज की टीम, द्वितीय स्थान पर अम्बाला जिले के गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज की टीम, तृतीय स्थान पर यमुनानगर जिले के एम.एल.एन. कॉलेज की टीम रही। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों सहित कॉलेज के लगभग 70 विद्यार्थी एवं शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक विभाग के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।